**S-621** Roll No. …………………..

# DCH–105

## Nursery Management of Horticulture Crops

Diploma in Commercial Horticulture

(DCH-12/16/17)

First Semester, Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 40**

नोट : यह प्रश्न पत्र चालीस (40) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए साढ़े नौ ($9\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. पलवार से आप क्या समझते हैं ? पलवार बिछाते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है ?

2. बीजोपचार की आवश्यकता क्यों है ? विस्तार से लिखिए।

3. पौधे प्रतिरोपण से होने वाले लाभ तथा हानियों के बारे में विस्तार से लिखिए।
4. पालीहाउस में उत्पादन तथा आय बढ़ाने की क्या संभावनाएँ हैं ? विस्तार से लिखिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार (04) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. सिंचाई की क्यारी विधि (check-bed system) विधि के लाभ तथा हानि बारे में लिखिए।
2. कृन्तन के सिद्धान्तों (principles of pruning) के बारे में लिखिए।
3. पालीहाउस में सब्जी उत्पादन करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है ?
4. वायुवृत्ति वृक्षों के लाभों के बारे में लिखिए।
5. ट्रेनिंग तथा प्रूनिंग में अन्तर लिखिए।
6. मुख्य तथा गौण तत्त्वों में अन्तर लिखिए।
7. द्रवित खाद तथा फोलियर स्प्रे पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
8. उद्यान लगाने से पूर्व स्थान का चुनाव किस प्रकार करना चाहिए ?

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा $(\frac{1}{2})$ अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

इंगित कीजिए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं या असत्य :

1. शंकरकद का वानस्पतिक प्रवर्धन लताओं द्वारा नहीं किया जाता है। (सत्य / असत्य)
2. पौधशाला में पूरे दिन प्रकाश उपलब्ध होना चाहिए। (सत्य / असत्य)
3. बीज शोधन गरम पानी से भी किया जाता है। (सत्य / असत्य)
4. उथली जड़ वाली फसलों की जड़ें भूमि में 60 सेमी. तक जाती हैं। (सत्य / असत्य)
5. पॉली हाउस बनाने में 600-800 गेज की पराबैंगनी प्रतिरोधी पालीथीन का प्रयोग किया जाता है। (सत्य / असत्य)
6. टमाटर में पौध प्रतिरोपण की आवश्यकता नहीं होती है। (सत्य / असत्य)
7. मृदा सतह सिंचाई की विधि पाँच प्रकार की है। (सत्य / असत्य)
8. Zn (जिंक) एक मुख्य तत्त्व है। (सत्य / असत्य)
9. उद्यान का रेखांकन पाँच प्रकार से किया जाता है। (सत्य / असत्य)
10. भट्टे के धुएँ से लीची फल वृक्ष में ब्लेक टिप नामक बीमारी हो जाती है। (सत्य / असत्य)